

पेज 2
विश्व रक्तदाता...

आपकी खबरों का संसार...

RNI No.-RJHIN/2015/63826

# अतुल्य संसार

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in



दो दिवसीय वार्षिक...
पेज 3

वर्षः 10 | अंकः 334 | जयपुर, रविवार 14 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मीडिया संवाद

# मुख्यमंत्री ने कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित

- अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचा योजनाओं का लाभ
- प्रधानमंत्री के निर्णयों से 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से उबरे
- प्रधानमंत्री ने गरीब, युवा, नारी और किसान के लिए चलाई योजनाएं
- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए, आतंकवाद को करारा जवाब दिया

## मोदी ने वैश्विक मंच पर भारत का बढ़ाया मान, भजनलाल सरकार ने राजस्थान के विकास को प्रदान की नई दिशा– मदन राठौड़

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन और लोक कल्याण को समर्पित गौरवशाली 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर शनिवार को मीडिया से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबसे लम्बे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने की असाधारण उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मीडिया संवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले यूपीए सरकार में हमारा देश भ्रष्टाचार, महंगाई, आतंकवाद, नक्सलवाद, नीतिगत अव्यवस्था और खराब आर्थिक हालात जैसी अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। ऐसे समय पर प्रधानमंत्री ने जिम्मेदारी संभाली और देश को इन चुनौतियों से बाहर निकाला तथा अपने दूरदर्शी विजन से 12 वर्षों में शासन, विकास और जनकल्याण के अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री ने प्रधान सेवक के रूप में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गरीब कल्याण को शासन के केंद्र में स्थापित किया है।




देश के करोडों लोगों तक पहली बार बडे स्तर पर पक्के घर, बिजली, गैस कनेक्शन, शुद्ध पेयजल, शौचालय जैसी सुविधाएं पहुंच पाई हैं। इसी प्रकार, करोडों लोगों के बैंक खाते खोलकर सरकारी मदद उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार 80 करोड से अधिक नागरिकों को मुफ्त राशन की सुविधा मिली और 60 करोड से अधिक गरीबों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज का भरोसा। प्रधानमंत्री की इन्हीं पहलों की बदौलत 25 करोड से ज्यादा लोग गरीबी से उबर पाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवा शक्ति को भारत की सबसे बडी पूंजी मानते हैं। उनके मार्गदर्शन में कौशल विकास, स्टार्टअप इंडिया, इनोवेशन, डिजिटल इकॉनॉमी, स्पोर्ट्स, उद्यमिता और फिटनेस को अभूतपूर्व बल मिला है। उनकी प्रेरणा से बीते 12 वर्षों में वीमेन लेड डवलपमेंट का एक नया अध्याय भारत की विकास यात्रा में जुडा है। उनके मार्गदर्शन में सरकार ने हमेशा देश की महिलाओं को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। महिलाओं के लिए शौचालय, धुआं मुक्त रसोई, गर्भावस्था में आर्थिक मदद, मुद्रा योजना, पीएम आवास एवं लखपति दीदी योजना के जरिए सपोर्ट सिस्टम विकसित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के चार स्तंभों में एक प्रमुख स्तंभ हमारे किसान हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में किसानों के लिए बीज से लेकर बाजार तक अनेक पहल की गई हैं। हमारे किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाओं, पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी में बडोतरी आदि के माध्यम से संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ कडे और बडे निर्णय लेने में भी कभी पीछे नहीं हटे। इसी वजह से जम्मू कश्मीर से धारा–370 हटाना, जीएसटी लागू करना, वन रैंक वन पेंशन और भारतीय न्याय संहिता को लागू करने जैसे निर्णय हकीकत बने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अभूतपूर्व कदम उठाने के साथ ही आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। उनके नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है। सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक या फिर ऑपरेशन सिंदूर, प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने इन सभी ऑपरेशन को अंजाम दिया।

ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से न केवल पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया गया बल्कि सीमा पार चल रहे आतंकी ठिकानों को भी ध्वस्त कर सैकडों आतंकियों को ढेर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति प्रदान की। इसी वजह से आज भारत रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मा जैसे अनेक क्षेत्रों में विनिर्माण और निर्यात के नए रिकॉर्ड बना रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत का बुनियादी ढांचा सुदृड हुआ है तथा शासन में गतिशीलता, निर्णयों में पारदर्शिता और नीतियों में दूरदर्शिता की बदौलत भारत विश्व की सबसे तेडी से विकसित होती बडी अर्थव्यवस्था बन पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का राजस्थान को भरपूर लाभ मिला है। प्रदेश में लगभग 2 करोड 45 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं। पीएम फसल बीमा योजना के तहत 35 हजार करोड रुपये से अधिक का मुआवजा दिया है। पीएम आवास योजना के तहत 34 लाख से अधिक आवास बनाए गए हैं। हर घर में साफ पानी पहुंचाने के लिए 63 लाख से अधिक नल कनेक्शन दिए हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत प्रदेश में लगभग 89 लाख शौचालय बनवाए जा चुके हैं। इस मिशन के अंतर्गत लगभग 43 हजार गांव ओडीएफ प्लस बन चुके हैं। साथ ही 21 गोबर–धन प्रोजेक्ट भी लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 3 करोड 83 लाख जन–धन खाते खुले हैं। वर्ष 2014 से पहले प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत प्रदेश में 53 हजार किलोमीटर सडकें बनी थीं, आज यह आंकडा बडकर 86 हजार किलोमीटर के पार निकल चुका है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ 2014 से पहले प्रदेश में 57 लाख लोगों को मिल रहा था और आज ऐसे लाभार्थियों की संख्या 89 लाख से ऊपर पहुंच गई है। प्रदेश में वर्ष 2013–14 में प्रति व्यक्ति आय लगभग 69 हजार रुपये थी, वह आज बडकर 2 लाख 5 हजार रुपये पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में 12 जून से 20 जून तक हर जिले में जन कल्याण शिविरों का आयोजन कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ऊर्जा, कृषि, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास से संबंधित सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण राजस्थान की तस्वीर बदलने के लिए ग्राम विकास यात्रा और ग्राम विकास चौपाल आयोजित कर किसान, मजदूर, महिला और युवाओं से सीधा संवाद किया जा रहा है। संध्या चौपाल और संध्या आरती के माध्यम से जनता से सांस्कृतिक और भावनात्मक जुडाव स्थापित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी की एक पेड मां के नाम पहल से प्रेरित हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देशवासियों ने गरीब कल्याण एवं विकास की योजनाओं, आतंकवाद एवं नक्सलवाद का खात्मा तथा दुनिया में भारत के बडते गौरव को देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को लाभान्वित किया है। आज सभी कह रहे हैं 'मोदी है तो मुमकिन है' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने राजस्थान में पेयजल एवं सिंचाई की विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ ही सुदृड बनाने का काम प्राथमिकता से किया है। इसी प्रकार, कर्मभूमि से मातृभूमि एवं वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के जरिए जल संचय को मजबूती प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में प्रदेश में बिजली उत्पादन बडा है। वर्ष 2027 तक प्रदेशभर के किसानों को दिन में बिजली दी जाएगी। फिलहाल 26 जिलों के किसानों को दिन में बिजली दी जा रही है।

राइजिंग राजस्थान का आयोजन कर 35 लाख करोड रूपए के एमओयू किए गए, जिनमें से 9 लाख करोड रूपए के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान बनाई है। पहले दुनिया दूसरे देशों की सैन्य क्षमता को देखती थी, लेकिन आज भारत ने भी अपनी शक्ति और आत्मनिर्भरता का परिचय दिया है। कोरोना काल में वैक्सीन निर्माण और वितरण व्यवस्था भारत की बड़ी उपलब्धि है। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पारदर्शी शासन की दिशा में काम हुआ है। उद्योग निवेश को बढ़ावा देने के लिए राइजिंग राजस्थान अभियान चलाया गया, युवाओं के हित में भर्ती प्रक्रियाओं को मजबूत किया गया और शिक्षा में विदेशी भाषाओं को भी शामिल करने की पहल की गई। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को जमीन पर उतारना है। राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ राजस्थान में भी बदलाव दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं को पेपर लीक जैसी समस्याओं से राहत मिली है। केंद्र और राज्य सरकार का लक्ष्य विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। इस दौरान 12 वर्ष की उपलब्धियों पर वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान 12 साल विकास के, विश्वास के और जनकल्याण के अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, विधायक एवं प्रवक्ता कुलदीप धनकड सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आरजीएचएस घोटाला- फर्जी ओपीडी पर्चियां बनाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

### अनावश्यक जांच और फर्जी रिपोर्ट अपलोड कर सरकारी खजाने को पहुंचाया था नुकसान

**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में हुए करोड़ों रुपए के कथित फर्जीवाड़े के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और जांच एजेंसियां पूरे संगठित नेटवर्क की परत खोलने में जुटी हैं। एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि कुछ हॉस्पिटल संचालकों, डॉक्टरों और लैब संचालकों ने आरजीएचएस योजना का दुरुपयोग करते हुए फर्जी ओपीडी पर्चियां, अनावश्यक व फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार से करोड़ों रुपए का भुगतान प्राप्त किया। इस पूरे फर्जीवाड़े से सरकारी खजाने को भारी वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया। जांच में सामने आया कि सीकर स्थित डॉ. विजय एंड बी लाल डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक दिवंगत डॉ. विजय मूंड और अन्य आरोपियों ने कुछ डॉक्टरों के साथ मिलकर आरजीएचएस लाभार्थियों के नाम पर फर्जी परामर्श पर्चियां तैयार करवाई। इन पर्चियों पर अनावश्यक जांचें दर्ज कर फर्जी जांच रिपोर्टें बनाई गईं और उन्हें आरजीएचएस पोर्टल पर अपलोड कर भुगतान लिया गया। मामले में पहले लैब संचालक बनवारी लाल उर्फ बीलाल और चिकित्सक डॉ. कमल कुमार अग्रवाल उर्फ के.के. अग्रवाल को गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों फिलहाल ज्यूडिशल कस्टडी में हैं।

### लैब कर्मचारियों की भूमिका भी आई सामने

जांच के दौरान एसओजी को पता चला कि लैब में कार्यरत कर्मचारी आरजीएचएस लाभार्थियों के कार्ड नंबर एकत्रित करते थे और फर्जी परामर्श पर्चियां तैयार करवाने में सक्रिय भूमिका निभाते थे। इसके बाद इन्हीं पर्चियों के आधार पर फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कर पोर्टल पर अपलोड की जाती थी। मामले में एसओजी ने तीन कर्मचारियों बजरंग सिंह (54), निवासी दादिया, सीकर, अरविंद कुमार शीला (35), निवासी झुंझुनूं, वर्तमान में सीकर और विक्रम कल्याण (22), निवासी झुंझुनूं, वर्तमान में सीकर के रूप में हुई है।

# जयपुर में 8 मौतों के जिम्मेदारों की तस्वीर आई सामने

## पटाखा फैक्ट्रियों में बच्चों से भी कराते थे काम, घर-घर में बारूद की पैकिंग

**जयपुर।** जयपुर के खोह नागोरियान इलाके में 9 जून की सुबह हुए भीषण अग्निकांड में 8 लोगों की मौत के मामले में पुलिस की जांच में बड़े खुलासे हो रहे हैं। शनिवार को तीन आरोपियों की तस्वीरें सामने आई है। इसमें मुख्य साजिशकर्ता और अवैध फैक्ट्री संचालक फिरोज, वसीम और अकील शामिल हैं। आरोप है कि वसीम और अकील इसी इलाके में दो अन्य फैक्ट्री चला रहे थे। इनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस और जांच एजेंसियां इस पूरे अवैध पटाखा नेटवर्क को खंगालने में जुटी हैं। खोह नागोरियान के थाना प्रभारी प्रकाश विश्नोई ने कहा– अलग–अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ 2 मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। याकूब और कय्यूम को भगाने में मदद करने वाले सलमान कुरैशी को 12 जून को गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ चल रही है। फरार आरोपियों को दबोचने के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।

### दिल्ली का मैनेजर नाबालिगों से कराता था काम

जांच में सामने आया है कि दिल्ली का रहने वाला आलम खान इस अवैध फैक्ट्री में मैनेजर था। वह अपने साथी आसिफ कुरैशी के साथ मिलकर पूरा मैनेजमेंट देखता था। आरोप है कि ये लोग चंद पैसों की मजदूरी का लालच देकर 15 से 16 साल के नाबालिग बच्चों, लाचार महिलाओं और बुजुर्गों से बारूद के बीच काम करवाते थे।



### 3 मुख्य किरदारों पर टिकी पुलिस की जांच

फिरोज– दिल्ली निवासी फिरोज मुख्य साजिशकर्ता और अवैध फैक्ट्री का संचालक है। उसकी तस्वीर सामने आई है। तलाश की जा रही है। वसीम– आईटीआई (खोह नागोरियान) के पीछे 2 अवैध फैक्ट्रियों का मालिक वसीम है। यहां से भारी मात्रा में बारूद बरामद हुआ है। इसका नेटवर्क खंगाला जा रहा है। अकील– दाऊद नगर क्षेत्र (खोह नागोरियान) में अवैध पटाखा फैक्ट्री का संचालक अकील है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### घर-घर में बारूद की पैकिंग

सूत्रों के मुताबिक, खोह नागोरियान क्षेत्र की अवैध फैक्ट्रियों में 150 से अधिक लोग काम कर रहे थे। हद तो यह है कि पटाखों की लेबलिंग और बॉक्स पैकिंग का काम फैक्ट्रियों के अलावा आसपास के कई घरों में भी भेजा जाता था। चंद रुपयों के लालच में कई परिवार इस अवैध और खतरनाक कारोबार का हिस्सा बन चुके थे।

### जावेद नगर में भारी मात्रा में बारूद जब्त

अवैध फैक्ट्रियों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन का एक्शन जारी है। खोह नागोरियान इलाके के जावेद नगर स्थित मकान नंबर 28 और 277 पर छापेमारी की गई थी। यहां भी धड़ल्ले से अवैध पटाखा फैक्ट्रियां चल रही थीं। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में बारूद, तैयार पटाखे और पटाखा बनाने में उपयोग होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में मुख्य आरोपी फिरोज, मकान मालिक व पार्टनर कय्यूम, याकूब, कर्मचारी फ्यूम, आदिल सहित अन्य के खिलाफ एक और नया मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, फिरोज ने हादसे वाले मकान को याकूब और कय्यूम से किराए पर लिया था। इस काले कारोबार में याकूब और कय्यूम भी पार्टनर थे।

### जनता बोली- समय रहते जागती पुलिस तो बच जातीं 8 जानें

इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय निवासियों में पुलिस और प्रशासन के खिलाफ भारी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि रिहायशी इलाके में इतना बड़ा बारूद का खेल चल रहा था और पुलिस बेखबर थी। अगर समय रहते कार्रवाई होती, तो आज 8 लोग जिंदा होते। अब क्षेत्रवासी सभी आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और फांसी जैसी कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं।

## पूर्व आरटीडीसी पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड का उदयपुरवाटी में जोरदार स्वागत

### चुंगी नंबर तीन पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प हार पहनाकर धर्मेंद्र राठौड का किया स्वागत



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे में चुंगी नंबर तीन पर शनिवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी माने जाने वाले पूर्व आरटीडीसी( पर्यटन विकास निगम ) के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड का दीपक बागड़ी व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया द्य झुंझुनू से सीकर जाते समय रास्ते में चुंगी नंबर तीन पर धर्मेंद्र राठौड कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से कुछ समय के लिए रूबरू भी हुए द्य दीपक बागड़ी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। अन्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष रणजीत चंदेलिया एवं उदयपुरवाटी विधायक भगवान राम सैनी क भी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया द्य स्वागत करने वालों में दीपक बागड़ी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी , श्यामलाल सैनी ,इमरान खान, बंटी, अजय तसीड, शिव प्रसाद चेजारा, डॉ मुकेश बागड़ी ,ज्ञान सिंह शेखावत, सुरेश टेलर ,राधेश्याम , किशोर सैनी ,गुड्डू सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीय सुख समृद्धि एवं विश्व शांति हेतु गायत्री यज्ञ एवं दीप यज्ञ का हुआ आयोजन



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव /उदयपुरवाटी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा उदयपुरवाटी के तत्वाधान में राष्ट्र सुख समृद्धि एवं विश्व शांति हेतु गायत्री यज्ञ प्रात: सात बत्ती के पास और सहेकल गायत्री दीप यज्ञ शाह भवन के पास आयोजित किए गए द्य जिसमें सभी समाज के लोगों ने गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र हनुमान गायत्री शिव गायत्री कृष्णा गायत्री नवग्रह शांति मंत्र और अन्य वैदिक मन्त्रों के सामूहिक उच्चारण के साथ आहुतियां प्रदान की । आचार्य का कार्य भार बजरंग लाल सोनी ने पूर्ण किया उन्होंने गायत्री महत्तम में पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सनातन संस्कृति के उत्थान और विश्व शांति के लिए गायत्री साधना उपासना और आराधना का विशेष महत्व है द्य राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है और सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए हम सभी का दायित्व हम सभी का है इन दोनों कार्यक्रमों में बहुत से लोगों ने भाग लिया द्य जिनमें बद्री प्रसाद तंवर ,अशोक कुमार दायमा ,रतनलाल सैनी ,गोपाल राम सोनी, गोकुल सोनी ,बाबूलाल सोनी, सरोज सोनी ,प्रकाश सोनी ,राम सोनी, प्रकाश सैनी , अमर सिंह मीणा पूर्व वाइस चेयरमैन ,महेश मुनका ,रतनलाल ,गोकुलचंद सैनी ,गजानंद सोनी, पूजा सोनी, बाबूलाल, ज्योति सोनी, पूर्वी का सोनी, शंकर लाल सोनी, सुमन देवी, दयानंद कुमावत ,इंदर सिंह नरूका गुड्डा, रामावतार दायमा , सुरेंद्र रसग्गनिया गुड्डा ,महेंद्र कुमावत गुड्डा, प्रमोद सोनी ,विनोद, संगीता देवी ,हिमांशु ,अर्पिता, राजेश हर्षवर्धन , ललित जोशी ,पंकज मित्तल, ओमप्रकाश अशोक शर्मा ,सतीश सोनी, विवेक अंशु सोनी, अमित राठी, अनूप शाह, विकास योगी पत्रकार ,मुरारी लाल पुरोहित ,बीरबल सैनी आदि प्रमुख है। वैदिक मंत्र ओम शांति के साथ विसर्जन कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई योग निर्माण सत्संग संकल्प का पठान करवाया ।

## मुहाना मंडी में 3640 किलो सरसों तेल सीज




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर द्वितीय।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर आज सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने मुहाना मंडी स्थित मैसर्स कमल एंड कंपनी पर कार्यवाही करते हुए मैसर्स गोयल ऑयल उद्योग द्वारा सप्लाई टैगोर ब्रांड एवं विधि ब्रांड सरसों ऑयल का लगभग 3640 किलो सरसों तेल सीज किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि मौके पर टीम को निरीक्षण में इस तेल के कलर एवं खुशबू से मिलावट का अंदेशा हुआ जिस पर नमूने लेने के पश्चात टीम ने लगभग 3640 लीटर तेल को जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक फर्म के प्रोपराइटर को अग्रिम कार्यवाही तक इस तेल को नहीं बेचने हेतु पाबंद करते हुए सीज किया। मौके पर टैगोर ब्रांड सरसों तेल के 90 टीन, 5 लीटर के प्लास्टिक 80 जार, 2 लीटर के 240 प्लास्टिक जार, 1 लीटर के 600 प्लास्टिक जार, आधे लीटर के 480 प्लास्टिक जार एवं विधि ब्रांड के 22 टीन, 1 लीटर के 120 प्लास्टिक जार एवं आधे लीटर के 240 प्लास्टिक जार को सीज किया गया। उक्त दोनों ब्रांड का सरसों तेल जयपुर के आकेड़ा डूंगर, लक्ष्मीनारायणपुरा, वी के आई इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स गोयल ऑयल उद्योग द्वारा तैयार किया गया था। टैगोर ब्रांड सरसों तेल के नमूने पूर्व में भी मिलावटी पाए गए हैं। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवसः रक्तवीर राजेश खोईवाल नियमित रक्तदान कर युवाओं को कर रहे है जागरूक

## खोईवाल ने लोगो का डर खत्म करने के लिए 7 दिन में दो बार रक्तदान कर रचा इतिहास

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी।** विश्व रक्तदाता दिवस प्रतिवर्ष 14 जून को पूरे विश्व भर में बहुत उल्लास से मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक कार्ल लेंडस्टीनर ने 1901 में रक्तसमुह ए बी ओ ग्रुप की खोज की थी उनकी स्मृति में पूरे विश्व में उनके जन्मदिवस पर इस दिवस को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। आज के दिन हर रक्तदाता इस दिवस को उत्सव के रूप में मनाता है।

### नियमित रक्त सेवा ने दिलाई खोईवाल को रक्तवीर की पहचान

बूंदी में मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रक्तवीर राजेश खोईवाल ने स्वयं 79 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर लोगो को रक्तदान करने की लिए जागरुक तो कर ही रहे है खोईवाल ने रक्त सेवा की जागरूकता के लिए अपने जीवन को भी समर्पित कर दिया हैं और रक्तदान ही जिनकी पहचान बन चुकी है।

### खोईवाल ने 1994 में की रक्तदान की शुरुवात

रक्तविर राजेश खोईवाल ने 1994 में पहली बार एमबीएस हॉस्पिटल में दुर्घटना में गंभीर घायल अनजान व्यक्ति के लिए रक्तदान किया था, जिससे घायल मरीज का जीवन बचा तो उनको आत्म संतुष्टि हुई, तब से ही खोईवाल वर्ष में दो से तीन बार स्वेच्छिक रक्तदान करते आ रहे हैं राजेश खोईवाल अब तक 79 बार रक्तदान कर चुके हैं और पिछले 12 वर्षों से मानव सेवा समिति नामक संस्था बनाकर युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक तो कर ही रहे हैं अमूमन हर दिन ऑन कॉल डोनेशन करवा कर दुर्घटना में गंभीर घायल व गर्भवती महिलाओ एवं जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवा कर उनका जीवन भी बचा रहे हैं। मरीज को रक्त नहीं मिलने पर परिजनों को रक्त के लिए इधर-उधर गुहार लगाते देख राजेश खोईवाल व्याकुल हो जाते हैं। और जब तक मरीज को रक्त उपलब्ध नहीं हो जाता तब तक अथक प्रयास कर समिति के रक्तदाता से रक्तदान करवा कर रक्त उपलब्ध करवाने के लिए कड़ा परिश्रम करते रहते हैं।




### रक्तदान की जागरुकता के लिए सोशल मीडिया डालते है नित नई पोस्ट

अपने जीवन को रक्तदान के प्रति समर्पित कर चुके खोईवाल हर दिन सोशल मीडिया पर रक्तदान की जागरूकता की पोस्ट डाल कर युवाओं को स्वेच्छिक रक्तदान करने के लिए जोशीले टाइटल लिख कर हौसला अफजाई कर जागरुक करते हैं।

### अप्रैल माह के सप्ताह मे 2 बार रक्तदान कर रचा इतिहास

राजेश खोईवाल ने 11 अप्रैल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता के जन्मदिन पर आयोजित शिविर में और 19 अप्रैल को कोटा में जरूरत मंद महिला मरीज के लिए इमरजेंसी में बी पोजिटिव रक्तदान कर मात्र 7 दिन में दो बार रक्तदान करने का भी रिकॉर्ड बनाया है। लोग रक्तदान करने से डरे नहीं इस के लिए खोईवाल स्वयं रक्तदान के ऐसे नवाचार करते रहते है।

### मां की स्मृति में एक रक्तदान मां के नाम अभियान का किया नवाचार

रक्तवीर राजेश खोईवाल ने 2025 में अपनी स्वर्गीय मां राजू बाई खोईवाल की स्मृति में एक रक्तदान मां के नाम अभियान की शुरुवात की जिससे जुड़कर अब तक कई यूवा स्वैच्छिक रक्तदान कर चुके हैं।

### 2020 में एक रक्तदान पिता के नाम अभियान की शुरुवात

राजेश खोईवाल ने अपने पिता स्वर्गीय रामचंद्र जी खोईवाल की 5वी पुण्य तिथि 2020 से ही एक रक्तदान पिता के नाम अभियान की शुरुआत की थी जो की निरंतर जारी है। राजेश खोईवाल ने बताया की स्वैच्छिक रक्तदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए समय-समय पर नवाचार कर लोगों को जागरूक करना हमारा उद्देश्य है।

### 1 यूनिट रक्तदान तीन लोगो को जीवनदान देता है

खोईवाल ने बताया की एक रक्तदान तीन मरीजों का जीवन बचाता है। एक यूनिट रक्त को सेपरेशन करके एसडीपी, आरडीपी, और आरबीसी को अलग किया जाता है। जिससे हमारे द्वारा दिए एक यूनिट रक्तदान को तीन अलग अलग जरूरत मंद मरीजों को चढ़ाया जाता है जिससे तीन मरीजों का जीवन बचता है।

### रक्त मशीनों में नहीं बनता इसलिए रक्तदान ही एक विकल्प

राजेश खोईवाल ने बताया की रक्त किसी मशीन या फैक्ट्री में नहीं बनता है और कही दुकानो पर भी नहीं मिलता है। रक्त सिर्फ स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से युवाओं के शिराओं से निकालकर ही रक्त प्राप्त कर दुर्घटना में घायल या जरूरतमंद गंभीर बीमार मरीजों को चढाकर मरीजों का जीवन बचाया जाता है। इसलिए रक्त के दान को संजीवनी के रूप में जीवनदायिनी महादान कहा जाता है एवम रक्तदान के इस पुनीत कार्य में जागरूकता लाकर देश दुनिया में रक्तदान की कमी को दूर करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें कई संस्थाएं निरंतर कार्य कर रही है।

### रक्तदान करने के शारीरिक स्वास्थ्य लाभ

नियमित रक्तदान करने वालों की एचआईवी हेपेटाइटिस सहित कई गंभीर बीमारियो की जांचे निशुल्क हो जाती है, गाढ़ा खून धमनियों में जम जाता है और यही हार्ट अटैक से मौत का कारण बनता है नियमित रक्तदान करने वालो का खून पतला होता है जिससे की हार्ट अटैक आने की संभावना ना के बराबर होती है, इसलिए नियमित रक्तदान आपके लंबे और स्वस्थ जीवन की गारंटी भीं देता है

### मानव सेवा समिति रक्तदान महादान बना मिसाल

बूंदी में मानव सेवा समिति रक्तदान महादान जागरूकता अभियान देश दुनिया मे इसकी मिसाल बन चुका है। मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश खोईवाल रक्तवीर के नाम से अपनी अलग पहचान बना चुके है, और नियमित रक्तदान करने के साथ साथ बूंदी के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत बनकर युवाओं को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते आ रहे हैं और रक्तदान की जागरूकता के लिए जन्मदिन पर वैवाहिक वर्षगांठ पर किसी परिजनों के पुण्यतिथि पर वा अन्य धार्मिक महापवों पर रक्तदान शिविर का आयोजन करवा कर स्वेच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने का सराहनीय कार्य कर रहे है। इस मानवीय रक्त सेवा कार्य के लिए राजेश खोईवाल को नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड सहित भारत देश के कई राज्यों की सामाजिक संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। इस अभियान में राजकु?मार राठौर, रवि कुमार गोंद, सूरज राठौर, सोनू डगोरिया हनुमान सैनी हेमंत सैन नरेश जैन हनुमान राठौर एडवोकेट रमेश चंद्र आजाद मुकेश वर्मा गौरव शर्मा हेमराज सैनी चोथमल शर्मा, आदि कार्यकर्ता साथ में नियमित सेवा कार्य कर रहे है।

## नानी बाई रो मायरो कथा में श्री कृष्ण ने नानी बाई का भरा भात,3 दिवसीय कथा का हुआ समापन

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** शाहपुरा शहर के गोपीनाथ जी मंदिर मुख्य बाजार में चल रही तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरा कथा का समापन हुआ। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के द्वारा नानी बाई व नरसी भगत की पुकार पर 56 करोड़ का भात कथा का श्रदालुओं को श्रवण पान कराया गया। जिसके मामिक प्रसंगों पर सभी लोग भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में खोरी परमानंद धाम से हरिओम दास जी महाराज ने भी शिरकत कर भक्तों को आशीर्वचन दिए। पूर्व पालिकाध्यक्ष रजनी पारीक,पूर्व प्रधान मंजू शर्मा,मनीषा माऊरामका,श्याम सुंदर राज जोशी,पंडित मोहन चूलेट,माम राज सोनी ने महा आरती की। कथावाचक कृष्ण चंद्र पाराशर ने श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण भक्ति और प्रेम के संदेश का वाचन किया। उन्होंने कहा कि भक्त नरसी की करुण पुकार पर भगवान कृष्ण ने सांवरिया सेठ के रूप में नानी बाई का भात भरा। नरसी ने भगवान से देर से आने की शिकायत की। तभी भगवान ने मुस्कुराते हुए देरी का कारण बताया। इसके बाद भगवान कृष्ण ने भव्य तरीके से नानी बाई का भात भरा। प्रश्न को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम के दौरान भजन गायक शंभू दयाल पराशर ने प्रवचन में बीरा भात भरण ने आजो..., कन्हैया प्यारा चुनर उड़ा जा रे..., कौन सुने म्हारी कुण नै सुनाऊं... सहित कई भजन सुनाए जिस पर श्रोता झूम उठे और नृत्य करने लगे। कथा में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर हरिओम दास जी महाराज ने कहा कि नानी बाई रो मायरो कथा राजस्थान की लोक भक्ति परंपरा से जुड़ी अमर कथा है। यह कथा भक्ति प्रेम समर्पण और करुणा का अनुपम उदाहरण है। कथा के अंत में व्यास जी की विदाई व प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर लोकेश मामोडिया,गोपाल कुम्हार,महेश पारीक,सानू,छाजूलाल बनाका , विमल अग्रवाल,ललित शर्मा,महेन्द्र शर्मा, किरण सोनी,कल्पना सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



## हेमराज गौड़ के निर्देशन में विधिक शिविर का आयोजन किया

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**दीपचंद शर्मा डीग।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डीग के अध्यक्ष श्री हेमराज गौड के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राम किशन शर्मा (अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश), डीग द्वारा ग्राम पंचायत बोरई में विधिक शिविर का आयोजन किया । जिसमें उपस्थित आम जनों को नालसा स्कीम, निशुल्क विधिक सहायता, जनकल्याणकारी योजनाएं, राष्ट्रीय लोक अदालत, बाल श्रम, बाल विवाह, पीडति प्रतिकर स्कीम एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण करने का आह्वान किया । इस अवसर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ राजेन्द्र कुमार शर्मा, असिस्टेंट आशुतोष शर्मा उपस्थित रहे।

## 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उद्घाटन कर अवलोकन किया

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र में आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार ने उद्घाटन कर अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी बीते 12 वर्षों की विकास यात्रा, जनसेवा और अंत्योदय के संकल्प का प्रेरक प्रतिबिंब है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों भारतीयों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम,प्रदर्शनी प्रमुख अजय विजयवर्गीय,सोशल मीडिया प्रभारी हीरेंद्र कौशिक,आई टी प्रभारी अविनाश जोशी एवं भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।






## नीट पेपर लीक के विरोध में यूथ कांग्रेस का मशाल जुलूस, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों और युवाओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में आज कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष राखी गौतम के निर्देशानुसार युथ कांग्रेस नेता कुणाल शर्मा के नेतृत्व में जवाहर नगर क्षेत्र में सैकड़ों युवाओं ने मशाल जुलूस निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मशाल जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों का कहना था कि हश्वश्वञ्ज जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल युवाओं ने कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती और छात्रों को न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओ ने हाथों में मशाल लेकर सड़कों पर उतरे और सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। नेतृत्व कर रहे कुणाल शर्मा ने कहा कि यह सिर्फ एक परीक्षा का मुद्दा नहीं है, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य का सवाल है। यदि समय रहते इस पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में ऐसे मामलों में और बढ़ोतरी होगी। इस प्रदर्शन में निवर्तमान प्रदेश महासचिव अनुराग गौतम , कुंदन बसवाल , मनीष पारेता , वसीम भाटी , महावीर मेघवाल , जयेश श्रृंगी , अमन गौतम , अर्पित जैन , रजत कुमार , आशीष धाकड़ , सन्नी हुसेन , आशीष गुर्जर , वीरेंद्र यादव , अभिषेक चतुर्वेदी , शिवराज गुर्जर , राहुल गुर्जर , मुनेंद्र सिंह सोलंकी , अजय गुर्जर , नैतिक चक्रवर्ती , कुलवंत राठौर , विक्की , प्रियांशु , रोहित राठौर , यश गौतम , केशव मित्तल , निशांत मीणा , लक्ष्य यादव , बड़ी संख्या में आम युवा शामिल रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



## सोजत राजकीय चिकित्सालय का जिला कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



अतुल्य संसार नेटवर्क

**सोजत सिटी/मीठालाल पंवार ।** पाली जिले के सोजत शहर में राजकीय चिकित्सालय का जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा कर भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने पीएमओ डॉ. राजेश गुप्ता को उपचार व्यवस्था में निरंतर सुधार तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मासिंगाराम जागिंड सहित अस्पताल प्रशासन एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दो दिवसीय वार्षिक उत्सव : कलशाभिषेक, शांतिधारा एवं नवग्रह विधान में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** मानसरोवर न्यू सांगानेर रोड स्थित इंजीनियर्स कॉलोनी, मान्यावास के शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ आचार्य आदित्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य जिनेश भैया के निर्देशन में भगवान शांतिनाथ स्वामी के कलशाभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ। प्रात: 6़30 बजे से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में ध्वजारोहण के पश्चात नवग्रह विधान पूजन आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने अष्टद्रव्यों के साथ नवग्रहों की शांति, सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए गाजे-बाजे, जयघोष एवं मंत्रोच्चारण के मध्य मंडल पर अर्घ्य समर्पित किए। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवा एकता संघ के अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि शनिवार को सायंकाल 7 बजे संगीतमय भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालु अपने-अपने घरों से सुसज्जित आरती की थालियां लेकर पहुंचे और भगवान शांतिनाथ स्वामी, चौबीस तीर्थंकर भगवान तथा आचार्य आदित्य सागर महाराज की भक्तिभावपूर्वक महामंगल आरती की। महाआरती के उपरांत 48 दीपों के साथ भक्तामर स्तोत्र दीप अर्चना का आयोजन किया गया। इसमें 48 परिवारों को भक्तामर स्तोत्र के प्रत्येक श्लोक पर दीप अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और बड़ी



संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। मंदिर समिति सदस्य सीए मनीष छाबड़ा और अनिल बोहरा ने बताया कि वार्षिक उत्सव का मुख्य आयोजन रविवार, 14 जून को प्रात: 6़30 बजे भगवान शांतिनाथ स्वामी का पंचामृत कलशाभिषेक (जल, चंदन, केसर, दूध, दही आदि) एवं शांतिधारा कर प्रारंभ होगा। इसके पश्चात प्रात: 7़15 बजे से मंगल ध्वनियों एवं साजों-बाजों के मध्य शांतिनाथ महामण्डल विधान का मंत्रोच्चारण एवं अष्टद्रव्य पूजन आयोजित किया जाएगा। विधान पूजन के दौरान भगवान शांतिनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक पर्व के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं द्वारा मंत्रोच्चार के साथ निर्वाण लड्डू समर्पित किया जाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर समाज की सामूहिक गोठ का आयोजन भी होगा।

### प्राणी का धर्म कर्तव्यनिष्ठता पर आधारित होता है, जहां सम्मान वही महान – आचार्य आदित्य सागर महाराज

विधान पूजन के दौरान अपने मंगल आशीर्वचनों में आचार्य आदित्य सागर महाराज ने कहा कि मानव जीवन का वास्तविक धर्म केवल पूजा-पाठ या बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहना है। जो व्यक्ति अपने परिवार, समाज, राष्ट्र और आत्मकल्याण के प्रति जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करता है, वही सच्चे अर्थों में धार्मिक कहलाता है। आचार्य श्री ने कहा कि सम्मान मांगने से नहीं, बल्कि कर्तव्यनिष्ठ जीवन जीने से प्राप्त होता है। जिस व्यक्ति के आचरण में सत्य, विनम्रता, सेवा, करुणा और उत्तरदायित्व होता है, समाज स्वयं उसका सम्मान करता है। पद, प्रतिष्ठा और धन से महानता नहीं आती, बल्कि चरित्र और कर्तव्यपालन ही व्यक्ति को महान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्राणी को अपने धर्म अर्थात् अपने कर्तव्य को पहचानना चाहिए। जब व्यक्ति अधिकारों से अधिक कर्तव्यों पर ध्यान देता है, तब परिवार में सुख, समाज में सद्भाव और राष्ट्र में विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। अत: हमें ऐसा जीवन जीना चाहिए जिसमें कर्तव्यनिष्ठा, संयम और सदाचार प्रमुख हों, क्योंकि जहां कर्तव्य का सम्मान होता है, वहीं सच्ची महानता जन्म लेती है।

# सनसनीखेज चंद्रेशल मठ महंत देवानंद हत्याकांड का खुलासा, दो और आरोपी गिरफ्तार

अतुल्य संसार नेटवर्क






**कोटा।** कोटा शहर पुलिस ने चर्चित चंद्रेशल मठ के महंत देवानंद हत्याकांड में बड़ी सफलता हासिल करते हुए हत्या में शामिल दो और आरोपियों तथा एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही एक विधि से संघर्षरत किशोर को भी निरुद्ध किया गया है। अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम (आईपीएस) ने बताया कि 5 जून 2026 को चंद्रेशल मठ में महंत देवानंद की हत्या के बाद गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) लगातार फरार आरोपियों की तलाश में जुटा हुआ था। पुलिस टीम ने उन्नत तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की सहायता से लगभग 2000 किलोमीटर तक पीछा करते हुए महाराष्ट्र के दौंड रेलवे स्टेशन के पास से आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि हत्या की साजिश पहले से रची गई थी। मुख्य साजिशकर्ता संतोष राय ने महंत देवानंद को रास्ते से हटाने के लिए आदित्य वर्मा नामक युवक को कथित रूप से एक लाख रुपये का लालच दिया था। इसके बाद आदित्य वर्मा ने अपने साथियों अंकित बैरवा, पुष्पेंद्र सिंह उर्फ प्रिंस तथा एक नाबालिग को योजना में शामिल किया। पुलिस के अनुसार 5 जून की रात आरोपी दो मोटरसाइकिलों पर चंद्रेशल मठ पहुंचे। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से मठ में प्रवेश कर सो रहे महंत देवानंद पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। घटना के बाद कोटा शहर पुलिस, साइबर सेल और एसआईटी की संयुक्त टीम ने लगातार विभिन्न राज्यों में दबिश दी। इस दौरान उन्नत तकनीकी संसाधनों और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिस ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर, संभाजीनगर, पुणे सहित कई स्थानों पर तलाश अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी एक अभियुक्त की पत्नी है, जो हत्या की साजिश में शामिल पाई गई। सभी आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और मामले में अन्य संभावित कड़ियों की भी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि महंत देवानंद की हत्या से संत समाज और क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे हत्याकांड का खुलासा किया।

### अब तक की कार्रवाई:

5 आरोपी गिरफ्तार : 1 विधि से संघर्षरत किशोर निरुद्ध हत्या की साजिश में शामिल 1 महिला गिरफ्तार मुख्य साजिशकर्ता संतोष राय पूर्व में गिरफ्तार फरार आरोपियों को महाराष्ट्र से दबोचा गया पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और पूछताछ के आधार पर आगे भी महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं।

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सीकरी में जायसवाल समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित; कहा- 'संस्कार और प्रतिभा का सम्मान ही नई पीढ़ी के लिए प्रेरणापुंज'

### राज्य सरकार हर वर्ग के उत्थान और सामाजिक समरसता के लिए प्रतिबद्ध; डेयरी, पशुपालन और सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे मजबूत कार्य



अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा/ डीग।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म शनिवार को सीकरी (बृजनगर) के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जायसवाल समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री श्री बेढ़म ने समाज के प्रबुद्धजनों, वरिष्ठजनों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा कि किसी भी समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उस समाज की जीवंत परंपरा का प्रतीक होता है। यह परंपरा प्रतिभा, परिश्रम और संस्कारों को उचित पहचान देकर नई पीढ़ी को आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देती है। उन्होंने जायसवाल समाज की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, सामाजिक समरसता और सेवा के क्षेत्र में इस समाज का योगदान अत्यंत प्रशंसनीय है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने राजस्थान सरकार की विकास प्राथमिकताओं और लोक-कल्याणकारी नीतियों को भी विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति, अमन-चैन और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर नागरिक, विशेषकर महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए गृह विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन को अत्याधुनिक, मुस्तैद और संवेदनशील बनाया जा रहा है ताकि भयमुक्त माहौल में विकास को नई गति मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों और डेयरी किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। गौपालन, डेयरी और मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई अवसंरचनाओं और अनुदान योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अंत्योदय के मूल मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग और समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है, चाहे वह बुनियादी ढांचा हो या शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं। उन्होंने समाज के युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिक शिक्षा और तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों और नैतिक मूल्यों से भी निरंतर जुड़े रहें ताकि एक सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण हो सके।

## जन स्वा. अभि. विभाग की अनूठी पहल: अभियान के तहत जिले में पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान शुरू, कई शिकायतें दुरुस्त



**बारां।** भीषण गर्मी में आमजन को सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एक विशेष मुहिम की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत हैंडपंप व नलकूप मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज ठीक करने, अवैध कनेक्शन काटने, कम दबाव और प्रदूषित पानी की शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। अभियान में 30 जून तक हर शनिवार को विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले में 12 टीमों का गठन किया गया है, प्रत्येक टीम की कमान सहायक अभियंता अथवा कनिष्ठ अभियंता के पास रहेगी। त्वरित कार्रवाई के लिए 12 विशेष वाहन उपलब्ध कराए गए हैं।

### 13 जून शनिवार को बडी कार्रवाई

अभियान के पहले दिन 12 टीमों ने जिले के 46 स्थानों पर कार्रवाई की जिसमें 22 खराब हैंडपंपों की मरम्मत कर चालू किया गया। 6 प्रमुख स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज ठीक की गई। 4 क्षेत्रों में कम दबाव की समस्या दूर कर आपूर्ति सामान्य की गई। 5 क्षेत्रों में जलापूर्ति बहाल की गई जहां पानी नहीं पहुंच रहा था। 3 जगहों पर दूषित पानी की शिकायत का तुरंत समाधान किया गया। कम आपूर्ति एवं कम समय आपूर्ति की शिकायतें दुरुस्त की गईं।

### अवैध कनेक्शन पर कार्रवाई

पानी की चोरी रोकने और अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग से 6 अवैध जल कनेक्शन मौके पर काटे गए।

### जल परिवहन जारी

जिन क्षेत्रों में भू-जल स्तर नीचे जाने से हैंडपंप सूख गए हैं या लाइनों से पानी नहीं पहुंच रहा, वहां टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जिले के 127 ग्रामों व ढाणियों में 46 टैंकरों द्वारा प्रतिदिन 288 ट्रिप जल परिवहन किया जा रहा है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा विभाग को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी उपखंडों में उप जिला कलक्टर, तहसीलदार एवं विकास अधिकारी को पेयजल योजनाओं का निरीक्षण कर पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग लगातार मुस्तैदी से कार्य कर आमजन की हर समस्या दूर करने का प्रयास कर रहा है।

# अमर शहीद नानक भील की पुण्यतिथि पर डाबी में आदिवासी विकास मेला का आयोजन

## बरड़ क्षेत्र के ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ, 4654 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ






अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी।** स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक और वीर क्रांतिकारी शहीद नानक भील की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को जिले की डाबी ग्राम पंचायत में एक दिवसीय %आदिवासी विकास मेले% का आयोजन किया गया। मेले में बरड क्षेत्र के ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विकास मेले में अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) रमेश देव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि वर्मा, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा और पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत ने शिरकत की। अतिथियों ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत चयनित दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया। ट्राई साईकिल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। विकास मेले में मुख्य रूप से बरड़ क्षेत्र की आदिवासी बाहुल्य पंचायत समिति तालेड़ा और बूंदी की दर्जनों ग्राम पंचायतों के बाशिंदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें तालेड़ा की ग्राम पंचायत लाम्बाखोह, गणेशपुरा, राजपुरा, गोपालपुरा बरड़, बुधपुरा, डाबी, सूतड़ा, धनेश्वर, जवाहर सागर, खडीपुर, डोरा, लक्ष्मीपुरा के साथ ही पंचायत समिति बूंदी की ग्राम पंचायत गरड़दा व लोईचा के हजारों निवासियों को लाभान्वित किया गया।

### एक ही मंच पर हुआ समस्याओं का समाधान

ग्रामीणों की सुविधा के लिए मेला स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल और शिविर लगाए गए। मेले के दौरान राजस्व, ग्रामीण विकास, चिकित्सा शिविर, रोजगार और कृषि मेले के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित समस्त प्रकार की राजकीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने जन उपयोगी सुविधाओं और व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं के आवेदन तैयार करवाकर स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दिलवाया। चिकित्सा शिविर में मौसमी बीमारियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस दौरान प्रभूलाल भील, मांगीलाल भील, युवराज भील, नीरज भील, जमना लाल भील, जीतमल भील, रामपाल भील, देवलाल भील, सोसर बाई, रामकरण भील, रमेश भील,महावीर भील, शिवचरण भील, गिरिराज भील, रामदास भील, लालचंद भील अरविन्द भील, मुकेश भील, गुजरात सिंह भील सहित अन्य मौजूद रहे।

### आदिवासी विकास मेले में 4654 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

अमर शहीद नानक भील की पुण्य स्मृति में ग्राम डाबी में आयोजित आदिवासी विकास मेला 2026 ग्रामीणों के लिए लाभदायक साबित हुआ। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा ने बताया कि एक दिवसीय मेले में विभिन्न विभागों की ओर से कुल 4654 ग्रामीणों, किसानों और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। मेले में सर्वाधिक 1591 कार्य पशुपालन विभाग द्वारा किए गए। शिविर में 660 पशुओं का टीकाकरण किया गया, 600 पशुओं पर दवा का छिड़काव किया गया तथा 255 पशुओं को दवा पिलाई गई। इसके अलावा 74 पशुओं का मौके पर ही उपचार किया गया। चिकित्सा विभाग ने 1224 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 320 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर 320 लोगों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। गम्भीर बीमारियों के प्रति सतर्कता बरतते हुए 275 लोगों की टीबी व सिलिकोसिस जांच तथा 275 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। इसी तरह ग्रामीणों के दस्तावेजी और विकास कार्यों को गति देते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने 732 कार्यों का निस्तारण किया। इस दौरान 173 नवीन जॉब कार्ड और 94 नवीन पट्टे जारी किए गए। नरेगा योजनान्तर्गत प्रपत्र-6 के 244 आवेदन प्राप्त हुए। किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कृषि विभाग ने 553 किसानों को लाभान्वित किया। मेले में 390 किसानों को कृषि साहित्य, 52 को बीज और 27 को नि:शुल्क सब्जी बीज वितरित किए गए। 26 किसानों के सॉयल हेल्थ कार्ड भी बनाए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने 72 उपलब्धियां दर्ज कीं, जिनमें 10 जरूरतमंदों को संयुक्त सहायता अंग (कृत्रिम अंग उपकरण) एवं ट्राई साइकिलें वितरित की गईं। इसके साथ ही 42 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन और 10 लोगों को पालनहार योजना से जोडने के आवेदन प्राप्त किए गए। राजस्व विभाग ने पीएम किसान सम्मान निधि, नामांतरण और प्रमाण-पत्रों सहित विभिन्न योजनाओं में कुल 152 को लाभान्वित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 121 और श्रम विभाग ने 55 लाभार्थियों को योजनाओं से जोडा। जयपुर विद्युत वितरण निगम ने 40 नए घरेलू कनेक्शन के आवेदन लिए तथा 5 लाभार्थियों को नि:शुल्क इंडक्शन स्टोव वितरित किए।

# चंडीगढ़ से जयपुर आई इंडिगो फ्लाइट की लैंडिंग टली

## आंधी और बादल के कारण करीब एक घंटे तक हवा में रही, खराब मौसम का असर



**जयपुर।** जयपुर में खराब मौसम का असर फ्लाइट्स पर भी देखने को मिला। चंडीगढ़ से जयपुर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट करीब एक घंटे तक आसमान में चक्कर काटती रही। मौसम खराब होने के कारण फ्लाइट को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली, जिसके चलते जयपुर के आसमान में फ्लाइट हवा में रही। इंडिगो की फ्लाइट 6E-7413 चंडीगढ़ से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। फ्लाइट अपने निर्धारित समय से करीब 15 मिनट देरी से संचालित हो रही थी। फ्लाइट शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 5 मिनट पर जयपुर पहुंच गई थी। इसके बाद भी खराब मौसम और प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग संभव नहीं हो सकी।

### एक घंटे तक लैंड नहीं कर पाई फ्लाइट

फ्लाइट को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के निर्देशानुसार जयपुर एयरपोर्ट के आस-पास होल्डिंग पैटर्न में रखा गया। इस दौरान विमान लगभग एक घंटे तक आसमान में चक्कर लगाता रहा और मौसम की स्थिति सामान्य होने का इंतजार करता रहा। मौसम में सुधार और विजिबिलिटी बेहतर होने के बाद आखिरकार रात करीब 12 बजकर 10 मिनट पर फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट के निर्धारित समय से काफी देर तक हवा में रहने के कारण पैसेंजर्स के बीच चिंता और बेचैनी का माहौल भी देखने को मिला।

# राजस्थान में रेलवे स्टेशन का शेड उखड़कर ट्रैक पर गिरा

## यूपी के वाराणसी में तूफान, हाथरस में सड़कें डूबीं; दिल्ली में बारिश के चलते फ्लाइट्स लेट



**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** यूपी में प्री-मानसून एक्टिव हो गया है। शनिवार सुबह कानपुर-अयोध्या, उन्नाव समेत 25 शहरों में बारिश हुई। वाराणसी में दोपहर में तूफान आया। इससे होर्डिंग उड़ गई। लखनऊ में तेज आंधी आई। दिन में अंधेरा छा गया। हाथरस में बारिश के चलते कोतवाली सदर में पानी भर गया। सड़कें डूब गईं। राजस्थान में शुक्रवार को बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर और चूरू के कई इलाकों में हवा के साथ बारिश हुई। चूरू के श्रीमकड़ीनाथ रेलवे स्टेशन पर लगा टिनशेड अंधड़ से रेलवे ट्रैक पर गिर गया। इससे ट्रेनें लेट हो गईं। दिल्ली में शनिवार सुबह बारिश के चलते कई फ्लाइट्स लेट हुईं। इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पर पोस्ट कर कहा- खराब मौसम की वजह से उड़ानों के समय पर असर पड़ा है। मानसून की झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में एंट्री हो गई।। अगले 3 दिन में मानसून के छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना है। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 9 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है।

# फिफा वर्ल्ड कप- इंग्लैंड टीम का सामान चोरी

## गाड़ी से ही फुटबॉल-जूते ले गए चोर; कैंसास पुलिस ने 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया



**नई दिल्ली।** FIFA फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 में इंग्लैंड फुटबॉल टीम का सामान चोरी हो गया। यह घटना शुक्रवार को हुई। टीम का सामान फ्लोरिडा में लगे प्री-टूर्नामेंट कैंप से अमेरिका के कैंसास सिटी स्थित स्वोप सॉकर विलेज ले जाया जा रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैंसास सिटी पहुंचने के बाद टीम के वाहन से सामान गायब मिला। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चोरी हुए सामान में फुटबॉल और खिलाड़ियों के बूट्स शामिल हैं। कैंसास पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है। स्वोप सॉकर विलेज कैंसास सिटी में स्थित एक फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर है। इंग्लैंड टीम ने वर्ल्ड कप 2026 के दौरान इसे अपने बेस कैंप और ट्रेनिंग वेन्यू के रूप में चुना है। कैंसास सिटी पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि टीम के वाहन से सामान गायब होने और संभावित चोरी के मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, जांच अभी जारी है। इस मामले में दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। वर्ल्ड कप 2026 में इंग्लैंड की टीम ग्रुप-रुमें है। इस ग्रुप में इंग्लैंड के साथ क्रोएशिया, घाना और पनामा की टीमें मौजूद हैं। भारतीय समयानुसार इंग्लैंड की टीम 18 जून को क्रोएशिया के खिलाफ मैच अपने वलर्ड कप अभियान की शुरुआत करेगी।

# नवनिर्मित योग प्लेटफॉर्म पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास, योगमय बन रहा बूंदी का वातावरण





● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला कलेक्टर हरफूल सिंह यादव के मार्गदर्शन में संचालित योग दिवस काउंटडाउन अभियान के तहत खेल संकुल स्थित नवनिर्मित योग प्लेटफॉर्म पर नियमित सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग साधकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कुशवाह के निर्देशन में प्रात:कालीन वातावरण में योग फॉर निरोगी बूंदी महाभियान के तहत आयोजित योग सत्र ने उपस्थित प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश दिया। प्रशिक्षकों ने योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। योगाभ्यास के दौरान शारीरिक लचीलेपन, मानसिक एकाग्रता एवं भावनात्मक संतुलन बढ़ाने वाले विभिन्न अभ्यास करवाए गए। काउंटडाउन अभियान के अंतर्गत जिलेभर में निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे योग के प्रति जनजागरूकता का दायरा लगातार बढ़ रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में परिवार सहित सहभागिता का संकल्प लिया। साथ ही आमजन से भी योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, निरोगी एवं जागरूक समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया गया।

# असम में 18+ उम्र वालों का आधार कार्ड नहीं बनेगा

## सरकार बोली- अवैध घुसपैठियों को रोकना मकसद; SC-ST और दिव्यांगों को 2027 तक छूट



**गुवाहाटी।** असम सरकार ने अवैध घुसपैठ रोकने के लिए आधार कार्ड के नियम सख्त कर दिए हैं। अब राज्य में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को नया आधार कार्ड नहीं मिलेगा। सरकार का कहना है कि इसका मकसद अवैध बांग्लादेशियों को आधार कार्ड हासिल करने से रोकना है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। सीएम सरमा ने कहा कि 18 साल से ज्यादा उम्र के किसी व्यक्ति को आधार कार्ड लेने के लिए विशेष मंजूरी लेनी होगी। जिला आयुक्त प्रस्ताव भेजेंगे, जिसके बाद राज्य सरकार पात्रता की जांच करेगी। फिलहाल चाय बागान समुदाय, एसटी, एससी और दिव्यांग लोगों को इस नियम से 1 अप्रैल 2027 तक छूट मिलेगी। इन वर्गों के जिन लोगों के पास आधार नहीं है, उन्हें आधार जारी किया जाएगा। इसके बाद इन वर्गों के 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को भी नया आधार कार्ड नहीं मिलेगा।

### 18 साल से कम उम्र वालों को कार्ड मिलते रहेंगे

वहीं 18 साल से कम उम्र के बच्चों और किशोरों को पहले की तरह आधार कार्ड जारी होते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पहले से ही आधार जारी करने की प्रक्रिया को सख्त करने की तैयारी कर रही थी, ताकि अवैध घुसपैठ पर रोक लगाई जा सके।

### असम कैबिनेट के अन्य फैसले

नए ग्रामीण रोजगार कानून के ढांचे को मंजूरी दे दी है। यह व्यवस्था 1 जुलाई से लागू होगी। इस योजना के लिए 2000 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को 125 दिन का मजदूरी आधारित रोजगार मिलेगा। सरकार रोजगार के साथ गांवों में स्थायी और उपयोगी परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी जोर देगी। गुवाहाटी और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए गुवाहाटी सैटेलाइट सिटीज डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएससीडीए) बनाने को भी मंजूरी दी गई है। यह संस्था नए सैटेलाइट शहरों की योजना, फंडिंग और विकास का काम करेगी। यह गुवाहाटी मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के तहत काम करेगी। अब आईएएस समेत अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को डेप्युटेशन पर भेजने से पहले कैबिनेट की मंजूरी जरूरी होगी। असम विधानसभा का बजट सत्र 1 जुलाई से शुरू होगा। राज्य का बजट 6 जुलाई को पेश किया जा सकता है।


# भागवत बोले- आरएसएस दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन, लेकिन सबसे ज्यादा गलत समझा जाता है



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, लेकिन इसे सबसे ज्यादा गलत समझा जाता है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि बाहर से देखने पर संघ लोगों को अलग-अलग तरह का दिखाई देता है। भागवत ने कहा- कुछ लोग इसे अर्धसैनिक संगठन समझ लेते हैं, जबकि भारतीय खेलों और पारंपरिक युद्ध कलाओं को बढ़ावा देने के कारण कुछ लोगों को यह एक बड़े जिम जैसा लगता है। उन्होंने कहा कि संघ को बाहर से देखकर पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। आरएसएस को समझने का सबसे अच्छा तरीका उसके साथ जुड़ना और उसके काम को करीब से देखना है। भागवत ने कहा कि आरएसएस किसी खास परिस्थिति की प्रतिक्रिया में नहीं बना था और न ही यह किसी समाज, समुदाय या राजनीतिक दल के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि संघ के बारे में लोगों में कई गलतफहमियां हैं। इसलिए शताब्दी वर्ष के दौरान आरएसएस लोगों तक पहुंचकर संगठन और उसके कामकाज के बारे में जानकारी दे रहा है।

# जयपुर डेयरी ने बढ़ाई प्लांट की प्रोसेसिंग क्षमता

## अब रोजाना 20 लाख लीटर दूध हो सकेगा प्रोसेस, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल्द करेंगे उद्घाटन




**जयपुर।** जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) ने अपने मौजूदा प्लांट पर करीब 133 करोड़ रुपए खर्च करके उसका मॉर्डनाइजेशन करवाया है। इससे इस प्लांट में दूध की प्रोसेस क्षमता अब 12 लाख से बढ़कर 20 लाख लीटर प्रतिदिन हो गई है। इसके साथ ही यहां घी बनाने की क्षमता भी 70 टन हो गई। इस अत्याधुनिक नए प्लांट का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल्द उद्घाटन करेंगे। डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने इस प्लांट की विजिट करके उद्घाटन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री कुमावत ने अधिकारियों से प्रोसेसिंग यूनिट्स की कार्यप्रणाली को समझा और अधिकारियों को उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) की प्रबंध संचालक (एमडी) श्रुति भारद्वाज, जयपुर डेयरी एमडी मनीष फौजदार भी मौजूद रहे।

### पैकिंग क्षमता भी बढ़कर 16.50 लाख लीटर पहुंची

मंत्री ने बताया कि इस नए प्लांट की ताकत और उत्पादन क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। दूध की प्रोसेसिंग के साथ ही यहां पैकेजिंग क्षमता में भी इजाफा हुआ है। अब हर रोज दूध के पाउच पैक करने की क्षमता 10 लाख लीटर से बढ़कर 16.50 लाख लीटर प्रतिदिन पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इस प्लांट में आधुनिक बॉयलर और मशीनरी लगाई है, जिसकी सहायता से प्रति घंटे लगभग 70 मीट्रिक टन भाप और घी, बटर, डेय वाटर जैसे विभिन्न दुग्ध उत्पादों का निर्माण किया जा सकेगा।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ अगले आर्मी चीफ होंगे

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे, दो महीने पहले उप सेना प्रमुख बने थे



**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के अगले आर्मी चीफ होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के लिए उनकी नियुक्ति की मंजूरी दी। सेठ मौजूदा आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून को खत्म होगा। उसी दिन सेठ भारत के 31वें आर्मी चीफ का पद संभालेंगे। वे अभी उप सेना प्रमुख के पद पर हैं। उन्होंने दो महीने पहले, 1 अप्रैल को यह पद संभाला था। उप सेना प्रमुख भारतीय सेना के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी होते हैं। बतौर उप सेना प्रमुख धीरज सेठ आर्मी चीफ के साथ मिलकर सेना के कामकाज, सैन्य तैयारियों और नई तकनीक को शामिल करने जैसे अहम काम देखते हैं। सेना के संचालन और व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से चलाने की जिम्मेदारी भी उनके पास होती है।

### 40 साल के दौरान कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं

दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन पाने वाले लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को भारतीय सेना में लगभग चार दशक का अनुभव है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी सीमा और रेगिस्तानी इलाकों समेत कई संवेदनशील क्षेत्रों में अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं। धीरज सेठ दक्षिण-पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (**GOC-in-C**) रह चुके हैं। वे उन चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर दो प्रमुख ऑपरेशनल कमानों का नेतृत्व किया है। इसके अलावा उन्होंने अंगोला में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन, सेना मुख्यालय और सेना के क्षमता विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर भी सेवा दी है।

### भारत के अलावा फ्रांस-अमेरिका में भी पढ़ाई की

धीरज सेठ ने खड़कवासला स्थित नेशनल डिफेंस एकेडमी और देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री एकेडमी से पढ़ाई की है। इसके अलावा वे वेलिंगटन के डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, महू के आर्मी वॉर कॉलेज और नई दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज के भी पूर्व छात्र हैं। बाद में उन्होंने फ्रांस के कॉलेज इंटरआर्मे डी डिफेंस में जनरल स्टाफ कोर्स और अमेरिका के नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में इंटरनेशनल डिफेंस एक्विजिशन मैनेजमेंट कोर्स किया। यंग ऑफिसर्स कोर्स में उन्हें सिल्वर सेंचुरियन सम्मान मिला था। उन्होंने जूनियर कमांड कोर्स समेत सेना के कई ट्रेनिंग कोर्सेज में फर्स्ट रैंक हासिल किया। उन्हें साल 2006 में **DSSC** में अपने कोर्स का बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट ऑफिसर मेडल मिला था।

### सेना बैकग्राउंड वाले परिवार से आते हैं सेठ

धीरज सेठ सेना के बैकग्राउंड वाले परिवार से आते हैं। उनके पिता लेफ्टिनेंट जनरल कृष्ण मोहन सेठ भारतीय सेना में एडजुटेंट जनरल के पद से 1997 में रिटायर हुए थे। जनरल कृष्ण मोहन सेठ ने सेना की दो बड़ी और अहम टुकड़ियों **XXI** स्ट्राइक कोर और **III** कोर की कमान भी संभाली थी। धीरज सेठ खेलों में भी गहरी रुचि रखते हैं। उन्हें टेनिस और गोल्फ खेलना पसंद है। उनकी पत्नी का नाम कोमल सेठ है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।